Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 05-12-2021 | अंक 75

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




## बालू छर्री चोरी करने से मना करने पर मारपीट में चार घायल, दो रेफर



घायल का इलाज करते चिकित्सक

रसोइया धमना अंसार नगर में आपसी विवाद में हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। घायलों में मो इम्तियाज, मो शाहबाज अंसारी, मो शमशेर आलम एवम मो मेराज अंसारी शामिल है। सभी का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। इसमे मो शाहबाज एवं मो मेराज को बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग़ मेडिकल क०लेज रेफर कर दिया गया। इस बाबत मो इम्तियाज ने बरही थाना में आवेदन देकर मारपीट का आरोप मो इसराइल मिया, मो एजाज मिया सहित 5-6 लोगों पर लगाया गया। आवेदन में बताया कि अंसार नगर में मैं अपना मकान बना रहा था। इसके लिए बालू, छर्री गिराया था। उपरोक्त लोग बिना मुझे पूछे चोरी कर ले जा रहा था। जैसे ही मुझे पता लगा। वहां पहुंचकर पूछने लगा। इसी बीच सभी लोग हमलोगों के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल का 8 वीं वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अपेम ने किया पुरस्कृत एवं सम्मानित



मंच पर उपस्थित अतिथिगण, शिक्षक व शिक्षिकाएँ

**अपेम लाइव : बरही**

डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल की 8वीं वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, कोबरा 203 के अधिकारी अविनाश चतुर्वेदी, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, जय प्रकाश रविदास, मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, अरविंद कुमार, निदेशक दिनेश यादव एवं प्रधानाध्यपक गुलाब कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काट कर किया। सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही बच्चियों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, गीत, संगीत, स्पीच एवं नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में वेलकम सॉन्ग की प्रस्तुति तमन्ना अंजली ग्रुप, गणेश वंदना चंदन आयुष प्रिंस ग्रुप, स्पीच सानिया निशा, बॉलीवुड डांस पंकज आयुष प्रिंस ग्रुप, आर्मी एक्ट में अन्नू, महफूज, राहुल, भगत सिंह नाटक पवन, राहुल, राजस्थानी डांस ललिता अन्नू ग्रुप, नशा मुक्ति नाटक राहुल सिंह एवं खुशबू, नागपुरी डांस में अणु पूजा ग्रुप आदि ने शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने विद्यालय की आंठवी वर्षगांठ पर विद्यालय के शिक्षकों, शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते कहा कि ग्रामीण इलाके में डॉ भीमराव अंबेडकर स्कूल द्वारा बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशंसा के पात्र है। यहाँ के बच्चों मे काफी प्रतिभा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमे अपने माता पिता तथा गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। छात्र-छात्राओं को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की बात कही। साथ ही वर्तमान युग को समझ कर उसके अनुसार अपने जीवन की जीने की सीख दी। विधायक ने कहा कतार कितनी भी लंबी हो इसमें आगे रहने वाले की ही पहचान होती है। इसी तरह समाज हमेशा नायकों को याद रखता है। नायक के पीछे खड़े लोगों को कोई याद नहीं करता। न ही इन्हें पहचान मिलती है। इसलिए कोशिश करो की जहां भी रहो जिस भी फील्ड में रहो वहां खुद की पहचान बनाओ। इसके लिए अभी से लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने के लिए मेहनत शुरू करनी होगी। तभी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी ग्रुप्स को ट्रॉफी, प्रश. स्ति पत्र एवं मैडल पहनकर अपेम टीम की ओर से सम्मानित किया गया। इसके आर्मी एक्ट को प्रथम पुरस्कार, कवाली एक्ट को दूसरा एवं छठ पूजा एक्ट को तीसरा पुरस्काए दिया गया। इसके साथ ही वीर भगत सिंह पर आधारित नाटक को बेहतर परफॉर्मेंस से नवाजा गया। इसके साथ इस कार्यक्रम में जितने भी प्रतिभागी हिंदी एवं अंग्रेजी में भाषण दिए , उन सभी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जीना है तो पापा शराब नही पीना की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, कोबरा के अधिकारी अविनाश चतुर्वेदी, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, रितेश गुप्ता, ओबीसी मोर्चा प्रभारी किशुन यादव, मो कयूम, मुकेश कुमार राजकुमार यादव ने पुरस्कार देकर हौसला वर्द्धन किया। कार्यक्रम के अंत मे भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल के सात शिक्षको को अपेम की ओर से प्रशंसा पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इनमे निदेशक दिनेश यादव, प्राचार्य गुलाब कुमार दास, सूरज दास, सकलदेव यादव, प्रवीण कुमार प्रसाद, सीमा कुमारी, मुकेश कुमार आदि शामिल हैं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, अपेम संरक्षक कृषणा यादव, रेणु यादव, मनोहर यादव, संजय यादव, मुकेश यादव, दिनेश यादव, अनुज यादव,अरविंद यादव, रंजीत यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे



कार्यक्रम मे शामिल लोग

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विभावि के कुलपति ने आरएनवाईएम कॉलेज परिसर में लगी प्रतिमा का किया अनावरण, कहा महान शिक्षाविद थे स्व रामनारायण यादव

### बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव के पिता थे स्व रामनारायण यादव, पिता की स्मृति में में बनाई कॉलेज



प्रतिमा का अनावरण करते मुख्य अतिथि व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**

बरही में संचालित स्नातक स्तरीय रामनारायण यादव मे. मोरियल कॉलेज परिसर में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के पिता स्व रामनारायण यादव की प्रतिमा का अनावरण विभावि के कुलपति प्रो डॉ मुकुलनारायन देव एवं कॉलेज के संस्थापक पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा किया गया। प्रतिमा अनावरण के समय पूर्व विधायक जानकी यादव, एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, शासी निकाय के सचिव परमेश्वर गोप, शिक्षाविद बिनोद यादव, चन्द्रदेखर सिंह युवा नेता रितेश गुप्ता, कॉलेज का प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह, बटेश्वर मेहता, भाजपा नेता मनोज सिंह, तापेश्वर प्रसाद, रामचन्द्र यादव, रमेश ठाकुर एवं किशुन यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विमल किशोर एवं संचालन प्रो हीरामन साहू एवं प्रो बद्री साव ने किया। सभी अतिथियों को प्राचार्य एवं अन्य शिक्षको ने बुके देकर स्वागत किया गया। आदिवासी झारखंडी संस्कृति में सभी का स्वागत हुआ। प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने कॉलेज के विकास की पूरी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि रखी। कहा कि 17 विद्यार्थी से शुरू हुआ यह कॉलेज आज 5000 विद्यार्थियों तक पहुंच गया है। इसमे तत्क. ालीन विधायक मनोज कुमार यादव, जमीन दानदाताओं परमेश्वर गोप, रघुनन्दन गोप, भवानी गोप यदि का अहम योगदान रहा है। साथ ही विभावि का पूरा सपोर्ट रहा है। प्रतिमा अनावरण करते हुए विभावि कुलपति प्रो डॉ० मुकुलनारायन देव ने कहा कि स्व रामनारायण यादव जी शिक्षाविद थे। उन्ही का संस्कार पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव में हैं। यही वजह है कि बरही में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने में इनका हमेशा सपोर्ट रहा है। जिसके कारण यह कॉलेज विभावि स्तर पर अपना विशेष स्थान बनाया है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आरएनवाईएम क०लेज की शुरुआती दौर चुनौतीपूर्ण था। लेकिन सभी के सपोर्ट से कॉलेज का विकास होता चला गया। धन्यवाद ज्ञापन संजय बर्णवाल ने किया। मौके पर भजपा नेता रमेश ठाकुर, महेंद्र दुबे, भैया अभिमन्यु प्रसाद, रितेश गुप्ता, नागेश्वए यादव, दिनेश्वर यादव, डॉ संगीता चौधरी,राजेन्द्र कुशवाहा, मा. `तीलाल चौधरी, निजामुद्दीन अकेला, राजसिंह चौहान, गुरुदेव गुप्ता, तापेश्वर प्रसाद, किशुन यादव, गिरधारी लाल यादव, दिनेश सिंह राठौर, मो. हनीश कुमार यादव, राज कुमार यादव, मुकेश कुमार, कृ ष्णा केशरी,अरविंद कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित करते पुर्व विधायक



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

## सीओ ने मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराया राशन



राशन उपलब्ध कराते समाजसेवा तापेश्वर प्रसाद व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**

बरही सीओ ने आपदा प्रबंधन के तहत मृतक के परिजनों को राशन उपलब्ध कराया । ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले विजय भुइयाँ बेन्दगी निवासी का हैदराबाद में निधन हो गया था। जिनके परिजनों को रविवार को राशन उपलब्ध कराया गया। इस कार्य मे तापेश्वर प्रसाद ने सहयोग किया तथा कहा की गरीब परिवार को राशन की सख्त आवश्यकता को देखते हुए राशन उपलब्ध कराया गया है। मोके पर ज0वि0प्र0 विक्रेता गणेश साव, दिलीप रजक, सरजू रजक, दिनेश साव, मुकेश यादव, महेंद्र पासवन, मुन्ना यादव एवं जानकी भुइयाँ मौजूद थे।




## विजैया मुखिया के पिता का निधन का खबर सुनकर मिलने पहुँचे विधायक



परीजन से मिलते बिधायक उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया के मुखिया दशरथ यादव के पिता 93 वर्षीय चमन यादव की मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पाते ही बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने परिजनों से मुलाकात की तथा इस दुख की घड़ी में विधायक शामिल होकर ढांढस बंधाया। मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव मनान वारशी एवं गांव के अन्य लोग शामिल थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई- कोडरमा की चुनावी बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**धीरज कुमार**



बैठक मे शामिल लोग

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कोडरमा के जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक की अध्यक्षता में आदर्श मध्य विद्यालय झुमरी तिलैया में बैठक की गई। बैठक में शिक्षकों की प्रोन्नति, संगठनात्मक चुनाव, संगठन की मजबूत, चावल उठाव सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला महासचिव रवि कांत रवि के द्वारा प्रोन्नति से संबंधित मामलों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही प्रखंड अध्यक्ष चंदवारा दिलीप कुमार वर्णवाल ने प्रोन्नति को लेकर कहा की 6 दिसंबर 2001 की तिथि तक आपत्ति/ दावा की तिथि है। उसके तदुपरांत ग्रेडवार सूची का निर्माण कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संगठनात्मक चुनाव को लेकर जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक के द्वारा अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बायल०ज के तहत लोकतांत्रिक तरीके के साथ चुनाव कराने से संबंधित विधि एवं नियमों की जानकारी दी। साथ ही प्रत्येक प्रखंड को समय एवं तिथि का निर्धारण करते हुए जिला कार्यकारिणी एवं प्रखंड कार्यकारिणी का दायित्व सौंपी गई। प्रखंड अध्यक्ष डोमचांच सूर्य देव कुमार के द्वारा चावल उठाव एवं टीचर प्रोफाइल अपडेट से संबंधित साक्ष्य स्वरूप डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करने को लेकर उन्होंने बात को रखा। बैठक में राय मशविरा के उपरांत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ कोडरमा के द्वारा प्रखंड स्तरीय चुनाव की तिथि एवं समय निर्धारित किया गया। जिसके तहत सतगावां में 12 दिसम्बर, डोमचॉच- 21 दिसम्बर, जयनगर 18 दिसम्बर, मरकच्चो- 08 जनवरी, कोड. रमा- 21जनवरी रखा गया। जबकि प्रखंड के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक के रुप में सतगावां के लिए शिव शंकर रजक, चुनाव प्रभारी- वीरेश कुमार एवं संच. ालनकर्ता सुभाष चंद्र, डोमचांच प्रखंड में पर्यवेक्षक के रुप में रवि कांत कुमार रवि, चुनाव प्रभारी- कालेश्वर ठाकुर एवं संचालन कर्ता राज किशोर दास, मरकच्चो प्रखंड के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक के रुप में सुभाष चंद्रा, चुनाव प्रभारी -माधव कुमार एवं संचालन कर्ता के रूप में रवि कांत कुमार रवि होंगे। जयनगर प्रखंड के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक के रुप में राम चंद्र ठाकुर, चुनाव प्रभारी -संजय कुमार एवं संचालन कर्ता के रूप में मनोज ठाकुर होंगे। वहीं कोडरमा प्रखंड के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक के रुप में गोवर्धन यादव, चुनाव प्रभारी- संजय सुमन एवं संचालन कर्ता के रूप में वीरेश कुमार एवं प्रदीप कुमार जी होंगे। चुनाव अखिल झारखंड प्रा. थमिक शिक्षक संघ के बायोलॉज का अक्षरशः अनुपालन करते हुए चुनाव कराने की दिशा निर्देश दी गई है ।चुनाव हर हालात में जनवरी तक कर लेने को निर्देश दी गई है। इसके साथ ही प्रत्येक प्रखंड को कूल कोष का 75% जिला को समर्पित करने को कहा गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष- शिव शंकर रजक ,जिला महासचिव -रविकांत कुमार रवि,जिला संगठन सचिव-सुभाष चंद्र, वीरेश कुमार, माधव कुमार, प्रखंड अध्यक्ष चंदवारा- दिलीप कुमार वर्णवाल, प्रखंड अध्यक्ष डोमचांच -सूर्य देव कुमार, विजय कुमार, विजय राम ,धानेश्वर राम, प्रदीप कुमार धोबी ,उदय सिंह ,संजय सुमन, संजय कुमार ,रणवीर कुमार, विनोद गुप्ता, कपिल देव सिंह एवं अन्य साथी उपस्थित ।धन्यवाद ज्ञापन जिला संगठन सचिव- सुभाष चंद्र जी के द्वारा किया गया एवं बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।

आज का पंचाङ्ग----
आज का अंग्रेजी दिनांक :---06.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---द्वितीया तिथि 09:25 मिनट तक उपरांत तृतीया तिथि
दिन :---सोमवार
नक्षत्र :---मूल नक्षत्र दिन 08:27 मिनट तक उपरांत पू.षा. नक्षत्र
योग :---गण्ड
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:45
सूर्यास्त : संध्या 05:15
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---धनु राशि में
आज का राहूकाल प्रातः:---07:30 बजे से प्रातः ---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन ने 14 बच्चो की शिक्षा का भार लिया

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**




चयनित बच्चे व अन्य



कार्यकम मे शामिल लोग

बरकट्ठा ग्राम कलहाबाद स्थित पारटांड़ नव प्राथमिक विद्यालय में ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन का विधिवत उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी एवं आगंतुकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम का संचालन शशि भूषण प्रसाद प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय कलहाबाद द्वारा किया गया ।सभा को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के सृजनकर्ता केदार प्रसाद आ. ईआईटियन ने फाउंडेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य से गरीब परिवार के मेधावी छात्रों के भविष्य का द्वार खोलना है ,जो उचित मार्गदर्शन के अभाव में पीछे रह जा रहे हैं । उनकी बुनियादी शिक्षा को निशुल्क, फाउंडेशन के माध्यम से मजबूत कर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा । आज हम लोगों ने जवाहर नवोदय विद्यालय ,नेतरहाट विद्यालय, सैनिक स्कूल, इंदिरा गांधी विद्यालय में नामांकन के लिए बच्चों को तैयार करने का एक प्रयास किया है जो कि आगे चलकर यू पी एस सी ,आई आई टी , एम्स, इसरो, डीआरडीओ, ठ।त्र्ञ, पैक्ट जैसे अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा । फिलहाल फाउंडेशन ने 14 बच्चों का चयन कर इसका प्रयास शुरू कर दिया है ।आगे इसी प्रकार का सहयोग मिलता रहा तो इसका कार्य क्षेत्र और स्वरुप बृहद होगा ।कार्यक्रम को मुख्य अतिथि अशोक कुमार पाल ,कुमकुम देवी ,जिला परिषद सदस्य ,रविकांत प्रसाद, बीएसएनएल पदाधिकारी ,अमित राम प्रधानाध्यापक उत्क्रमित उच्च विद्यालय कलहाबाद, मथुरा प्रसाद शिक्षक ,बरही ,प्रकाश चौधरी समाजसेवी, रामचंद्र प्रसाद शिक्षक ,जुगल ठाकुर ,शिक्षक, कलावती देवी ,समाजसेवी, रामचंद्र राम पूर्व मुखिया,द्वारिका प्रसाद ,अनिल कुमार आजाद, दिनेश्वर महतो ,अध्यक्ष आदर्श समाज निर्माण मंच ने संबोधित कर फाउंडेशन के उद्देश्यों की काफी प्रशंसा कर प्रेरित करते हुए हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया । सभा को अ०नलाइन संबोधित करते हुए डीएसपी राजेंद्र प्रसाद ने फाउंड. ेशन को शिक्षक सहित कम्प्यूटर देने की घोषणा की। मौके पर ही कुमकुम देवी ,शंकर प्रसाद शिक्षक प्रकाश चौधरी समाजसेवी ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की । फाउंडेशन के मुख्य सदस्य बाबूलाल प्रसाद,इंचार्ज अ०फ आकाश इंस्टीव्यूट इलाहाबाद, संजय प्रसाद, लालमणि प्रसाद ,वीरेंद्र प्रसाद,इंजीनियर, मनोज प्रसाद ,टेकामन प्रसाद, मुन्ना प्रसाद ,मुन्ना कुमार ,निरपत प्रसाद, हेमलाल प्रसाद ,राजू प्रसाद ,बुद्धि प्रकाश ,शंकर प्रसाद, मुकेश प्रसाद ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग किया। उद्घाटन समारोह में गांव के गणमान्य अभिभावक एवं अन्य सम्मानित लोगों में बीरेन्द्र प्रसाद ,पत्रकार,मोहन मुरारी प्रसाद, लीलधारी महतो ,धनुखी महतो, बैजनाथ पांडे ,गोरखनाथ पांडे ,टहल महतो, रामेश्वर महतो, रीना देवी ,विश्वनाथ राम (सभी समाज सेवी ), शिक्षक रामकृष्ण प्रसाद,शिक्षक निरंजन प्रसाद ,शिक्षक सुभान अली ,शिक्षक छोटीलाल महतो ,शिक्षक रंजीत कुमार ,शिक्षक गुणेश्वर कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में अभिभावक गण उपस्थित हुए । फाउंडेशन संचालन हेतु चयनित शिक्षक सुरेश प्रसाद ने मुख्य अतिथियों को डायरी देकर सम्मानित किया तथा उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय प्रसाद के द्वारा किया गया ।

9122222016
बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बीडीओ ने किया वैक्सीन टिका केंद्रों का निरीक्षण

### केंद्र से गायब कर्मियों के विरुद्ध उपायुक्त को कार्रवाई के लिए लिखेंगे




टिका केन्द्र

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



टीकाकेन्द्र का निरिक्षन करते बीडीओ

रविवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रखण्ड में चल रहे वैकि. सनेशन केंद्रों का निरीक्षण किए।निरीक्षण के क्रम में कुदर स्कूल,जमरी स्कूल,कन्द्री स्कूल एवं कोल्हैया स्कूल में पड़ रहे कोविड के वैक्सिनेशन का निरीक्षण कर कर्मियों को विशेष दिशा निर्देश दिए।श्री महतो ने कहा कि वैकि. सनेशन केंद्रों से गायब जे एस एल पी एस के एक भी कर्मी नहीं थे वहीं केंद्रों से सम्बंधित पंचायत के डीलर और आंगनबाड़ी से. विकाएँ भी गायब रही. ।इससे यह प्रतीत होता है कि कोविड वैक्सिनेशन के प्रति सजगता से कार्य नहीं कर रहे हैं।आम लोगो को इनके द्वारा जागरुक नहीं किया जाता है।इन लोगो के कारण ही वैक्सिनेशन कार्य मे विलम्ब हो रहा है।जो कर्मी रविवार को केंद्र पर नहीं थे उन्हें स्पष्टी करन पूछा जाएगा और उनके विरुद कोविड के वैक्सीन में लापरवाही के लिए उपायुक्त को लिखा जाएगा।इधर को. विड के फिर से बढ़ते बीमारी को देखते हुए बी डी ओ ने प्रखण्ड वासियो से कहा कि देश मे कोविड के नए वैरियंट आने की खबर है,लोग बीमारी से सजग रहें,बीमारी से बचने के लिए उन्होंने लोगो से मास्क लगाने एवं भीड़ से दूर रहने की भी अपील की है।

## पंजाब नेशनल बैंक विद्युत शार्ट सर्किट से मीटर जला बैंक बाल–बाल बचा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बिजली शॉर्ट सर्किट से लगी मीटर में आग को बुझाते लोग

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत डेली मार्केट के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक की रविवार सुबह 8:00 बजे विद्युत शार्ट सर्किट से पो. टिको के पास लगा बिजली मीटर में आग लग गई जिसके कारण अफरा तफरी मच गई। मकान मालिक बृजेश वर्मा एवं मिस्त्री अनु उर्फ आनंद कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत इसकी जानकारी बिजली सबस्टेशन को दी तब कहीं जाकर बिजली काटी जा सकी, और आग को बुझाई जा सकी। जिससे बैंक में आग लगने की बड़े हादसा को टाला जा सका। नहीं तो बैंक में आग पहुंच जाने के बाद बैंक को भारी नुकसान हो सकता था।

## संजय यादव बने बजरंग दल अध्यक्ष

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



बैठक मे शामिल लोग

बरकठ्ठा बुढ़िया माता मंदिर परिसर में बजरंग दल के शौर्य दिवस पथ संचलन हेतु तैयारी बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता संयोजक विनोद प्रसाद ने की व संचालन प्रखण्ड पालक सह जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने की मुख्य अतिथि जिला संयोजक प्रशांत कुमार सिंह ने सभी बजरंग दल के स्वयंसेवको व सनातन धर्मावलम्बियों को जिला मुख्यालय में 12 दिसम्बर को आयोजित शौर्य पथ संचलन में आमंत्रित किए ।वही बरही से मिथलेश श्रीवास्तव ने कहा सनातन धर्म के रक्षार्थ जो हितकर होगा हम सब उनके साथ हैं साथ ही सनातनियो की पहचान को बरकरार रखना है मौके पर बरकठ्ठा प्रखण्ड बजरंग दल का विस्तार किया गया जिसमें अध्यक्ष संजय यादव, मंत्री सत्यम भारती, संयोजक विनोद प्रसाद, सह संयोजक सौरव कुमार,टिंकु कुमार सह मंत्री चंदन मोदी व विकास कुमार,मिलन प्रमुख हेमंत श्रीवास्तव, सत्संग प्रमुख महेश्वर प्रसाद, गौ रक्षा प्रमुख बिकी चन्द्रवँशी, धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज कुमार गुप्ता का मनोनयन किया गया मौके पर रामचन्द्र चौधरी, रामजी मंडल, अनुज यादव, छोटेलाल प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, सुनिल कुमार मोदी, सुनील राम, उगेश्वर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जमा करने की अपील अन्यथा होगी कार्रवाई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



प्रचार वाहन

झारखंड सरकार के निर्देश पर बड़कागांव एवं केरेडारी के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने बकाएदार बिजली बिल उपभोक्ताओं से 15 दिसंबर के अंदर बिजली बिल जमा करने की अपील की है। मामले को लेकर कनीय अभियंता ने बताया कि सरकार की निर्देश पर बकाए बिजली बिल वसूली को लेकर काम किया जा रहा है गांव गांव, हॉट, बाजार ,गली मोहल्ला में वाहन से प्रचार प्रसार कराया जा रहा है बकाया बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले बिजली काट दी जाएगी एवं उपभोक्ता पर कानूनी करवाई की जाएगी। इसके अलावा सूद माफी योजना की अंतिम तारीख 15 दिसंबर निर्धारित है उपभोक्ता इसका फायदा उठाएं।

## सोलर एनर्जी अधिष्ठापन को लेकर कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर




प्रशिक्षण देते अधिकारी

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**

सोलर एनर्जी बिजली का सबसे बेहतर, किफायती एवं सुलभ विकल्प है। इसे लेकर रविवार को विष्णुगढ़ के कसेरा पंचायत भवन में कार्यशाला सह प्रशिक्षण शि. विर का आयोजन किया गया। ग्राम विकास मंच के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक प्रशांत स्वायन ने कहा कि आज के समय में हरेक तकनीकी कार्य के लिए बिजली की जरूरत होती है। बिजली के बिना आम जीवन प्रभावित होता है। आए दिन बिजली के दामों में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। ऐसे में सोलर एनर्जी बिजली का बेहतर विकल्प साबित हो रहा है। कहा कि आज सोलर उर्जा से कई बड़ी मशीनें, सिंचाई, प्रकाश की व्यवस्था समेत हरेक काम हो रहे हैं। विष्णुगढ़ प्रखंड इससे अछूता है। कम लागत में इससे हम जरूरत के हिसाब से ऊर्जा की खपत कर सकते हैं। इसमें सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदत है। पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी यह बेहतर है। मंच संचालक विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक लोग सोलर एनर्जी का उपयोग करें। अनिल अगवे ने सोलर प्लांट अधिष्ठापन की प्रक्रिया तथा भोला शर्मा ने तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम में कलस्टर कोऑर्डिनेटर सुदामा सिंह, संदीप कसेरा, विनोद कसेरा, विजय कसेरा, सुधीर कसेरा, अशोक कसेरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आरजी क्रिकेट एकेडमी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को किया सम्मानित



सम्मानीत हुए प्रतिभागी

**अपेम लाइवः टाटीझारिया राजु यादव**

टाटीझरिया : आरजी क्रिकेट एकेडमी ने पहली वर्षगांठ के अवसर पर अंबेडकर भवन छोटा डहरभंगा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया मथुरा साव, राजू यादव, संतोष राम, देवनारायण ठाकुर आदि शामिल हुए। एकेडमी संचालक गोपाल कुमार ने बताया कि उनके एक खिलाड़ी बौधा निवासी राजन कुमार घटवार का चयन जिला अंडर-16 में हुआ है। वर्तमान में दो दर्जन से अधिक खिलाड़ी यहां प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें बिंदेश्वर कुमार को प्लेयर ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित किया गया। अधिक विकेट लेने वाले प्रिंस, रीषी, आसिफ, अधिक रन बनाने वाले बिंदेश्वर, सुजल, सत्यम राज, अधिक चौके लगाने वाले सुजल, सत्यम, नितेश अधिक उपस्थिति के लिए आशीष रंजन, बिंदेश्वर, प्रिंस अर्द्धशतक लगाने वाले सत्यम राज और शतक लगाने वाले सुजल कुमार को अतिथियों ने मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मा. नित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि क्रिकेट में गहरी रुचि रखनेवालों के लिए अपनी पहचान बनाने के अनेकों अवसर हैं। हाल के वर्षो मे छोटे-छोटे गांवों से तमाम युवा खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा से सभी को चौंकाया है। अच्छी बात यह ही कि इस मामले में ग्रामीण इलाके के खिलाड़ियो ने भी बेहतर संभावनाएं जगाई हैं। उन्होंने एकेडमी संचालक और खिलाडियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।


## मध्य विद्यालय सेलहारा के बच्चों ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण



**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**

कृषि विज्ञान केंद्र डेमोटॉड़, बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी एवं पतरातु घाटी का लिया आनंद मध्य विद्यालय सेलहारा के बच्चे शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत अपने शिक्षकों के संग कृषि विज्ञान केंद्र डेमोटांड़, बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी (रांची), पतरातू घाटी एवं डैम का भ्रमण किया । बच्चों ने वहां की प्राकृतिक छटाओं एवं विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं का अवलोकन किया । विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे परिभ्रमण से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को काफी लाभ होता है । प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न प्रकार की जीव जंतुओं एवं प्राकृतिक दृश्यों को देखने का मौका मिलता है । विद्यालय के शिक्षक -सह-परिवर्तन दल सदस्य जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि किताबों में पढ़ने से ज्यादा जानकारी खुद देखकर अनुभव करने से होता है । प्रधानाध्यापक रामखेलावन रविदास ने कहा कि बच्चे काफी उत्साहित होकर परिभ्रमण का आनंद लिया। शिक्षक जन्मेजय सिंह, बिजय कुमार, विजय प्रसाद, रामचंद्र साहु ,राजेंद्र रविदास, राकेश कुमार सिंह, डैजी कुमारी, सिंह रंगीना कुमारी के संग 60 बच्चों ने परिभ्रमण का आनंद लिया।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## ग्रामीणों की पिटाई में मारे गए मृत के परिजनों से मिले विधायक

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**



पीड़ित परिजन को सांत्वना देते विधायक बिनोद सिंह व अन्य

चोरी के आरोप में ग्रामीणों की पिटाई से मारे गए दलित युवक के परिजनों से मिलने बगोदर विधायक बिनोद सिंह प्रखंड के चलनियां पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना जताई। उन्होने विष्णुगढ़ बीडीओ संजय कोंगाड़ी को पीड़ित परिजनों को यथासंभव सहायता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। विधायक के निर्देश पर बीडीओ चलनियां में पीड़ित परिजनों को तत्काल चावल तथा कंबल उपलब्ध कराया। बता दें कि प्रखंड के बादी खरना पंचायत के चलनियां निवासी दलित युवक सुनील पासी को बगोदर के खेतको में दशरथ महतो के घर में चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने पीट–पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस मामले में कई लोगों को स्थानीय थाना में आरोपी बनाया गया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, संदीप जायसवाल, महेश यादव, भोला सिंह, जगरनाथ यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## बिरनी में काँग्रेस ने चलाया सदयस्ता ग्रहण अभियान

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



रविवार को बिरनी प्रखंड के अंतर्गत दलांगी पंचायत लेबरा गांव बिरनी प्रखंड के अध्यक्ष एतवारी महतो की अध्यक्षता मे कांग्रेस पार्टी का बैठक की गई। इस बैठक में सदस्यता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम में लोगों ने कई पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी को खुशी से सैकड़ों की संख्या सदस्यता ग्रहण किया। सदस्याता ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नरेश बर्मा सलाउद्दीन अंसारी ,मकबूल अंसारी माजूद थे। सदस्यता ग्रहण किया गया। बहादुर यादव तुलसी यादव द्वारिका राणा अला. उद्दीन अंसारी दफ्तर अली चंद्र राम लोचन राणा महादेव सिंह राहुल पा. सवान भोला पासवान शाहनवाज अंसारी बासुदेव यादव फारुक अंसारी शिव शंकर राणा आदि लोग शामिल हुए।

## भाजपा युवा मोर्चा का बैठक संपन्न




बैठक मे शामिल लोग

**अपेम न्यूज : चरही**
**अरविन्द टुडू**

चरही कोयलांचल क्षेत्र समीप मांडू प्रखण्ड में भा. जपा युवा मोर्चा मांडू मंडल की बैठक कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय मे संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि साहू एवं संचालन महामंत्री आकाश करमाली ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से भाजपा मांडू मंडल उपाध्यक्ष रत्न साहू उप. स्थित थे। बैठक मे मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के आगामी जिला कार्यसमिति कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बूथ कमिटी मे अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने का बात भी कही गई। बैठक मे मंडल महामंत्री पंचीत महतो, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी हिमांशु गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी सूरज महतो, कार्यसमिति सदस्य बीरेन्द्र करमाली, संजीत कुमार, शुभम कुमार, नीलेश कुमार, ह्तिक कुमार, विकास प्रजापति श्रवण शाह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भगवत गीता जयंती को लेकर रामजानकी मंदिर में बैठक संपन्न कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए



बैठक मे शामिल लोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की विशेष रामजानकी मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई।। बैठक की अद्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देवदीप महतो ने की तथा संचालन जिला समन्वय प्रमुख इंगलेश कुमार सोनी ने किया। बैठक का प्रारंभ समवेत स्वर में ओंकार ध्वनि,एकात्मता मंत्र तथा विजय महामंत्र के साथ हुआ तथा पश्चात उपस्थित सदस्यों के बीच परिचय सत्र हुआ। बैठक के मुख्य विषय, ज़िला में आगामी 12 दिसंबर भागवत गीता जयंती के अवसर पर आयोजित, बजरंग दल भव्य शौर्य संचलन पर जानकारी देते हुए जिला समन्वय प्रमुख इंगलेश सोनी ने कहा सक्रिय प्रखंड सदस्य प्रत्येक पंचायत मे जाकर बैठक एवं सोशल मीडिया और संपर्क कर के प्रखंड के सभी ग्राम सदस्यों को कार्यक्रम हेतु एकत्रित करना है। ताकि अधिक से अधिक रामभक्त विराट हिन्दू एकता प्रदर्शित करने हेतु ज़िला कार्यक्रम में भाग ले सकें। यही बलिदानी कारसेवकों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बैठक में प्रखंड मंत्री पिन्टू गुप्ता, बजरंग दल संयोजक सुभाष ओझा ने संयुक्त रूप से 12 तारीख को हजारीबाग में शौर्य पद संचलन में प्रखंड के हिंदू भाइयों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होने का आह्वान किया ।अंत मे इस आह्वान के साथ कि प्रखंड तथा पंचायत के हिंदुओं को एकजुट कर शशक्त करने हेतु प्रत्येक घर से कम से कम एक युवा महिलाओं अथवा बहनों को स्वयं को अपने स्थानीय विहीप/ बजरंगदल/मातृशक्ति अथवा दुर्गावाहिनी से जोड़ने का आग्रह करना चाहिए। बैठक का समापन ओंकार उच्चारण, शांति मंत्र और जयघोष के साथ किया गया पबैठक में मुख्य रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष भोला प्रसाद दांगी, गौ रक्षा प्रमुख कजरू साव, सह मंत्री संतोष ठाकुर, सह संयोजक हुलास प्रसाद दांगी, रोशन कुमार, बालेश्वर महतो इत्यादि उपस्थित थे।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव



सुभाष पासवान



मंटु सिंह



कुनाल कतरियार



बिनोद कुमार



टुन्नू केशरी

## हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार